कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, श्रीगंगानगर

क्रमांक : परि/गंगा/2022/ दिनांक :

नीलामी सूचना

निम्नलिखित वाहनों के विरूद्ध इस विभाग का कर बकाया होने के कारण जब्त किये हुए वाहनों को कुर्क किया जाकर वाहन स्वामियों को बकाया कर जमा करवाने हेतु नोटिस पूर्व में प्रेषित किये जा चुके हैं। अब भी वाहन स्वामी अपने वाहनों का बकाया कर निलामी दिनांक से पूर्व जमा करा सकेगें। इन वाहन स्वामियों को बकाया कर जमा कराने हेतु यह अंतिम अवसर दिया जा रहा है यदि फिर भी इनके द्वारा बकाया राशि जमा नहीं करायी जाती है तो निम्न वाहनों की निम्नानुसार नीलामी द्वारा विक्रय की कार्यवाही की जावेगी।

इन निलाम किये जा रहे वाहनों की निलामी के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था बैंक आदि को किसी भी प्रकार का कोई उज्र/ऐतराज/दावा हो तो निलामी दिनांक से 7 रोज पूर्व तक विभाग का बकाया कर जमा करवाकर अपना ऐतराज/उज्र/दावा प्रस्तुत कर सकेगें। उक्त अवधि की समाप्ति पश्चात् कोई भी आपत्ति होने पर उस आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा राजस्थान मोटर वाहन करारोपण नियम 1951 के नियम 33ए के प्रावधानों के तहत विभाग द्वारा जब्त/कुर्क किये गये निम्न वाहनों की राज्य सरकार द्वारा गठित समिति द्वारा **वाहन जहां खडा है जैसा है,** के आधार पर उनके सामने अंकित स्थान दिनांक एवं समय पर निलाम कर दिया जावेगा। निलामी समाप्ति पर अधिकतम बोलीदाता को एक चौथाई राशि तुरंत जमा करवानी होगी। शेष तीन चौथाई राशि निलामी के तीन दिवस की अवधि में जमा करानी होगी अन्यथा जमाशुदा एक चौथाई राशि जब्त कर ली जायेगी।

अमानत राशि, निलामी की अन्य शर्तो, नियमों एवं वाहन के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय समय में प्रातः 9:30 बजे से 3:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। जो वाहन निलाम किये जाने हैं उनके वाहन स्वामी/परमिटधारी उक्त निलामी में भाग नहीं ले सकेगें। वाहन की निलामी पर बिक्री कर विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कर देयता बनने पर उक्त कर अलग से संबधित विभाग को देय होगा। निलामी को स्वीकार अथवा अस्वीकार किये जाने का पूर्ण अधिकार निलामी समिति को होगा।

दिनांक 22.03.2022 को नीलाम किये जाने वाले वाहनो की सूची

क्र. स.	वाहन संख्या	वाहन का प्रकार	वाहन जहां खडा है	वाहन का मॉडल	निलामी स्थान	निलामी की दिनांक व समय
1	RJ13-PA-5366	BUS	पुलिस थाना सूरतगढ	2001	कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, श्रीगंगानगर	22.03.22 को प्रातः 10:30 बजे से निलामी समाप्ति तक
2	RJ13-TA-1370	Magic DSL	पुलिस थाना घमूडवाली	2013		
3	DL3-CH-8094	CAR	पुलिस थाना समेजा कोठी	1996		
4	RJ13-PA-1233	BUS	कर संग्रह केन्द्र पतली सादुलशहर	2005		
5	DL1-C-9711	VAN	कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी श्रीगंगानगर	2012		
6	PB05-P-9060	PICK UP	कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी श्रीगंगानगर	2007		
7	RJ13-PB-0016	BUS	कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी श्रीगंगानगर	2011		
8	RJ13-P-3588	BUS	कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी श्रीगंगानगर	2004		

जिला परिवहन अधिकारी
श्रीगगांनगर

क्रमांक : परि / गंगा / 2022 / 5835-38

दिनांक : 21.03.22

प्रतिलिपि –

1. श्रीमान परिवहन आयुक्त एवं शासन सचिव, परिवहन विभाग, राजस्थान जयपुर को सूचनार्थ।
2. श्रीमान प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, बीकानेर को प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त वाहनों की नीलामी सम्पादित करवाने की कृपा करें।
3. श्रीमान जिला कलक्टर, श्रीगंगानगर को प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त नीलामी हेतु अपना प्रतिनिधि मनोनीत कर निलामी कमेटी के सदस्य के रूप में भिजवाने की कृपा करें।
4. श्रीमान कोषाधिकारी, श्रीगंगानगर को प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त नीलामी हेतु स्वयं / अपना प्रतिनिधि मनोनीत कर नीलामी के सदस्य के रूप में भिजवाने की कृपा करें।
5. रक्षित पत्रावली।

जिला परिवहन अधिकारी
श्रीगंगानगर

जिला परिवहन अधिकारी
श्रीगगांनगर